


# षोडश बिहार विधान सभा

## त्रयोदश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-11 शुक्रवार, दिनांक-12 जुलाई, 2019 ई० ।

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.43 बजे अपराह्न तक ।**

[1] **प्रश्नकाल :-**

(i) 32 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-1008 मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 21 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 93 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[2] **कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री मो० नेमतुल्लाह, श्री मो० नवाज आलम एवं श्री समीर कुमार महासेठ से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री अशोक कुमार सिंह
(iii) श्री राजेन्द्र कुमार
(iv) श्री अमीत कुमार
(v) श्री मो० नवाज आलम
(vi) श्री मो० नेमतुल्लाह
(vii) श्री सुबोध राय
(viii) श्री ललन पासवान
(ix) श्री अशोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-203)
(x) श्री समीर कुमार महासेठ
(xi) श्री सुधीर कुमार
(xii) श्री विजय कुमार खेमका
(xiii) श्री आनन्द शंकर सिंह
(xiv) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव
(xv) श्री राम विशुन सिंह
(xvi) श्री विद्या सागर केशरी
(xvii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(xviii) सुश्री पुनम कुमारी उर्फ पुनम पासवान
(xix) श्री संजय कुमार तिवारी
(xx) श्री शमीम अहमद

(xxi) श्री राम विलाश पासवान
(xxii) श्री सुनील कुमार
(xxiii) श्री बिरेन्द्र कुमार सिन्हा
(xxiv) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव
(xxv) श्री जिवेश कुमार
(xxvi) श्रीमती भागीरथी देवी

माननीय सदस्य श्री प्रहलाद यादव द्वारा आसन की अनुमति से अपने क्षेत्र की एक घटना से सदन को अवगत कराय गया जिसपर आसन द्वारा इसे शीघ्र देखने का सरकार को निदेश दिया गया ।

[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(i) माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी एवं अन्य सात सभासदों के समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री समाज कल्याण विभाग श्री राम सेवक सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

इस दौरान आसन द्वारा ध्यानाकर्षण सूचनाओं के निस्तारण तक सदन की अवधि का विस्तार सदन की अनुमति से किया गया ।

सरकार के वक्तव्य के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक स्थिति स्पष्ट की गई ।

(ii) माननीय सदस्य श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव एवं अन्य आठ सभासदों के कृषि विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को आसन द्वारा अगली तिथि तक स्थगित करने की घोषणा की गई ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 05.05 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[5] वित्तीय कार्य :-

**वित्तीय वर्ष 2019-2020 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-08 (पथ निर्माण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग)] पर वाद-विवाद एवं मतदान :-**

माननीय मंत्री, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मोजाहिद आलम

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री तारकिशोर प्रसाद
(iii) श्री अवधेश कुमार सिंह
(iv) श्री सुनील कुमार
(v) श्री निरंजन कुमार मेहता
(vi) श्री जिवेश कुमार
(vii) श्री सुधीर कुमार उर्फ बन्टी चौधरी
(viii) श्री शिवचन्द्र राम
(ix) श्री ललन पासवान
(x) श्री महबूब आलम
(xi) श्रीमती बेबी कुमारी
(xii) श्री अरूण कुमार
(xiii) श्री अशोक कुमार सिंह (203)
(xiv) श्री अत्री मुनी उर्फ शक्ति सिंह यादव

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(xv) श्री अमीत कुमार
(xvi) श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव

वाद-विवाद की समाप्ति के उपरांत आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि कल दिनांक-13.07.2019 को बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन स्थित सेन्ट्रल हॉल में जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न आपदा की स्थित विषय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है । साथ ही माननीय सदस्यों से अनुरोध किया कि आप सभी इसमें अवश्य सम्मिलित हों तथा इससे उत्पन्न स्थिति पर अपने सुझाव एवं अनुभव साझा करें ताकि समस्या का हल करने में सरकार को मदद मिल सके ।

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, पथ निर्माण विभाग, श्री नन्द किशोर यादव द्वारा वाद-विवाद का विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये ।

तदोपरान्त् माननीय सदस्य, श्री ललित कुमार यादव का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा पथ निर्माण विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

**[6] <u>निवेदन</u> :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 46 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-15 जुलाई, 2019 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-12.07.2019

**बटेश्वर नाथ पाण्डेय**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।